**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच हरियाणा में गठबंधन के लिए बातचीत जारी।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद जताई

  कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन पर कहा कि लोग अब उनकी बातों में नहीं आयेंगे।

- अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया।
- नई दिल्ली में हरियाणा के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई।

  अब चुनाव समिति की बैठक होगी।

- पेरिस पैरालंपिक खेलों के छठे दिन निशानेबाज़ी में अवनी लेखरा फाइनल में पहुंची।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच हरियाणा विधानसभा चुनाव में गठबंधन के लिए बातचीत हो रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कल पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में रुचि दिखाई है। उल्लेखनीय है कि पहले आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गठबंधन में रुचि लेने संबंधी रिपोर्ट का स्वागत किया है। गठबंधन की संभावना पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव और प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा है कि आम आदमी पार्टी से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है लेकिन अभी गठबंधन को अंतिम रूप नहीं दिया गया।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उम्मीद जताई है कि हरियाणा वासी प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जानता पार्टी की सरकार बनायेंगे।आज पार्टी द्वारा करनाल के तरावड़ी क़स्बे में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में एकत्रित जनसमूह से उत्साहित मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर प्रहार किए। बाद में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज नीलोखेड़ी की जन आशीर्वाद रैली में भी जो हुजूम उमड़ा है उससे लगता है कि हरियाणा के लोग बड़े बहुमत के साथ प्रदेश में बी जी पी की सरकार बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के सहयोग और आशीर्वाद से हरियाणा में विकास को ओर गति मिलेगी। जन नायक जानता पार्टी के विधायकों के बी जे पी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे सभी जेजेपी की नीतियों से घुटन महसूस कर रहे थे।कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन पर उन्होंने कहा कि दोनों दलों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं । उन्होंने लोकसभा में भी गठबंधन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग उन को समझ चुके हैं अब उनकी बातों में वह आने वाले नहीं है। उम्मीदवारों की सूची बारे उन्होंने कहा कि सूची जल्द ही आएगी।

---

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि जो बोला जाता है वह धरातल पर नहीं दिखता ।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार ने नशों अपराध और बेरोजगारी को लेकर गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्थाई नौकरी देने के बजाए उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी पर रखा । उन्होंने कहा है कि प्रदेश में दो लाख पद खाली पड़े है।उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दो अहम मुद्दे है, सरकार को इन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए लेकिन दिया नहीं गया। उन्होंने

आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल डॉक्टर, दवाओं और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। निजी अस्पतालों में गरीब मरीजों के उपचार की व्यवस्था तो की गई है लेकिन डॉक्टर को उसका पैसा नहीं दिया जाता , इसलिए डॉक्टर उपचार नहीं करते ।

..........................................................................

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने जननायक जनता पार्टी के विधायक राम कुमार गौतम व उनके साथियों का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया है।उन्होंने कहा है कि इससे, न केवल पार्टी को मजबूती मिलेगी बल्कि उनके अनुभवों का लाभ भी मिलेगा। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि उनका यह फ़ैसला देश व प्रदेश के हित में लिया गया बड़ा फैसला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में तीसरी बार बी.जे.पी की सरकार बननी तय है।

..........................................................................

आज नई दिल्ली में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने की।बैठक में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और दीपक बावरिया मौजूद रहे। बैठक में उम्मीदवारों को लेकर मंथन किया गया।अभी अभी जानकारी मिली है कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद अब चुनाव

समिति की बैठक हो रही है ताकि उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जा सके।

---

पेरिस पैरालंपिक खेलों के छठे दिन आज निशानेबाज़ी में अवनी लेखरा 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन एसएच-1 श्रेणी के अंतिम मुकाबले में पहुंच गई हैं जो भारतीय समयानुसार आज शाम साढे सात बजे होगा।तीरंदाजी में महिलाओं की रिकर्व प्रतिस्पर्धा में पूजा ने क्वार्टरफाइनल में स्थान बना लिया है। अंतिम आठ में उनका सामना रात नौ बजकर, 20 मिनट पर चीन की वु चुनियन से होगा।महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में भाग्यश्री जाधव पांचवें स्थान पर रहीं।इसके अलावा पुरूषों की ऊंची कूद के टी-63 फाइनल में मरियप्पन थंगावेलु, शैलेष कुमार और शरद कुमार आज अपनी-अपनी चुनौती पेश करेंगे।पदक तालिका में भारत 3 स्वर्ण सहित कुल 15 पदक लेकर 15वें स्थान पर है।

---

वृक्षारोपण अभियान **एक ▯ड़ माँ के नाम** के तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक पौधे लगाये गए हैं।एक सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। श्री मोदी ने सभी से अपनी मॉ के नाम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

..................................................................................

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा टीम ने एक आरोपी को 333 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बजरंगी, उत्तर प्रदेश के गांव बिलारी का निवासी है, जो फिलहाल फरीदाबाद के चंदन नगर में किराए के मकान में रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह खुद भी गांजा पीने का आदी है । आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा दिल्ली के सदर बाजार से एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। पुलिस आगे जांच कर रही है।पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत आज समालखा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देकर जागरूक किया गया ।नशा मुक्त अभियान के जिला के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने बताया कि नशा व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक व शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो सबसे पहले नशे से दूर रहना होगा।इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई ।

..................................................................................

जींद के नरवाना में रात एक बजे हुए सड़क हादसे में मारे गए आठ लोगों में से 7 शवों को आज कुरुक्षेत्र लाया गया। मृतक कुरुक्षेत्र के गांव मरचेहड़ी रामपुरा और सुनारिया के रहने वाले थे।अंतिम संस्कार में लाडवा विधायक मेवा सिंह राज्यमंत्री सुभाष सुधा,बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुशीश राणा,लाडवा से पूर्व विधायक पवन सैनी मौजूद रहे।

---

हिसार में 17 से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाली सीनियर स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए जिला स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता 5 सितंबर को आयोजित की जाएगी। भिवानी में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के प्रधान राहुल मुं◌ंढ़ाल ने बताया कि  ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन गांव जाटु लोहारी स्थित सरकारी स्कूल के फुटबॉल मैदान में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी के लिए आधार कार्ड व एक फोटो साथ लाना आवश्यक है। इसके अलावा ट्रायल प्रतियोगिता की जानकारी के लिए 9992889000 व 8930074674 पर संपर्क किया जा सकता है।

---